# बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड

Bihar State Power Transmission Company Limited

(निबंधित कार्यालय –विद्युत भवन, बेली रोड, पटना)

(Regd. Office: Vidyut Bhawan, Bailey Road, Patna)

TINVAT NO-10011255025 CIN-U74110BR2012SGC018889

Website:www.bsptcl.inc.in

DEPARTMENT OF HR & ADMINISTRATION

पत्रांक –BSPTCL-VI/IR/2002/2013 (Part-I) पटना, दिनांकः–

प्रेषक,

राधा मोहन प्रसाद,
महाप्रबंधक (मा० सं० / प्रशा०)

सेवा में,

सभी निदेशक,
सभी महाप्रबंधक,
सभी मुख्य अभियंता,
सभी महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता, संचरण जोन
सभी विद्युत अधीक्षण अभियंता, संचरण अंचल,
सभी अधीक्षण अभियंता (असैनिक), संचरण असैनकि अंचल,
बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड, पटना।

विषयः– आकस्मिक अवकाश के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार, उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड के अन्तर्गत मुख्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालयों में पदस्थापित पदाधिकारियों के आकस्मिक अवकाश के स्वीकृति के संबंध में पूर्व में विभिन्न प्रावधान निर्धारित किया गया है।

उक्त पूर्व निर्धारित प्रावधानों को संशोधित करते हुए आकस्मिक अवकाश की अनुमति / स्वीकृति प्रदान करने हेतु निम्नलिखित निर्णय लिया जाता हैः–

| क्र० सं० | प्रार्थित का विवरण | आकस्मिक अवकाश स्वीकृति हेतु सक्षम प्राधिकार | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | निदेशक / महाप्रबंधक / मुख्य अभियंता / महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता / विशेष कार्य पदाधिकारी / भू–अर्जन पदाधिकारी / प्रबंध निदेशक के प्रधान आप्त सचिव / आप्त सचिव | प्रबंध निदेशक | |
| 2 | प्रबंध निदेशक कोषांग में कार्यरत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी | विशेष कार्य पदाधिकारी | |
| 3 | निदेशक के कोषांग में पदस्थापित पदाधिकारी एवं कर्मी | संबंधित निदेशक | |
| 4 | महाप्रबंधक / मुख्य अभियंता के कोषांग में पदस्थापित पदाधिकारी एवं अन्य कर्मी | संबंधित महाप्रबंधक / मुख्य अभियंता | |
| 5 | मुख्यालय में पदस्थापित उप महाप्रबंधक / उप सचिव / कार्यपालक अभियंता / सहायक अभियंता / कनीय अभियंता स्तर के पदाधिकारी | संबंधित महाप्रबंधक / मुख्य अभियंता | कार्यपालक अभियंता के अवकाश की सूचना संबंधित निदेशक को उपलब्ध कराई जानी है। |
| 6 | मुख्यालय में पदस्थापित अधीक्षण अभियंता | संबंधित निदेशक | |

P.T.O

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7 | क्षेत्रीय कार्यालयों में पदस्थापित अधीक्षण अभियंता स्तर के पदाधिकारी | संबंधित महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता | संचरण अंचल में पदस्थापित अधीक्षण अभियंता के अवकाश की स्वीकृति की सूचना दोनों निदेशक को उपलब्ध कराई जानी है। |
| 8 | क्षेत्रीय कार्यालयों में पदस्थापित कार्यपालक अभियंता/सहायक अभियंता स्तर के पदाधिकारी (संचरण जोन को छोड़कर) | संबंधित अधीक्षण अभियंता | संचरण प्रमंडल में पदस्थापित कार्यपालक अभियंता के अवकाश स्वीकृति की सूचना संबंधित महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता को उपलब्ध कराई जानी है। |
| 9 | संचरण जोन में पदस्थापित कार्यपालक अभियंता/सहायक अभियंता स्तर के पदाधिकारी | संबंधित महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता | |
| 10 | क्षेत्रीय कार्यालयों में पदस्थापित कनीय अभियंता स्तर के पदाधिकारी | संबंधित कार्यपालक अभियंता स्तर के पदाधिकारी | अवकाश स्वीकृति की सूचना संबंधित अधीक्षण अभियंता एवं इसके समकक्ष स्तर के पदाधिकारी को उपलब्ध कराई जानी है। |

उपर्युक्त वर्णित पदाधिकारियों के आकस्मिक अवकाश से संबंधित आवेदन का निष्पादन एवं लेखा विवरणी का संधारण आकस्मिक अवकाश स्वीकृति हेतु संबंधित सक्षम प्राधिकार के कार्यालय/कोषांग के अधीन होगा।

विश्वासभाजन,

ह0/–
(राधा मोहन प्रसाद)
महाप्रबंधक (मा0 सं0/प्रशा0)
दिनांक–

ज्ञापांकः–

प्रतिलिपिः– प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी (मा0 सं0/प्रशा0)/आप्त सचिव, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(राधा मोहन प्रसाद)
महाप्रबंधक (मा0 सं0/प्रशा0)
दिनांक– 26/07/22

ज्ञापांकः– 1881

प्रतिलिपिः–डाटा वेस एडमिनिस्ट्रेटर, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

26/7
(राधा मोहन प्रसाद)
महाप्रबंधक (मा0 सं0/प्रशा0)